## न्यूज डायरी



### संयुक्त राष्ट्र में भारत ने चीन को दी करारी शिकस्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। संयुक्त राष्ट्र में हुए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में भारत ने चीन को करारी शिकस्त दी है। भारत अब अगले चार साल के लिए महिलाओं की स्थिति को लेकर बने आयोग का सदस्य बन गया है। महिलाओं से जुड़ा यह आयोग इकनॉमिक एंड सोशल काउंसिल का हिस्सा है। भारत का कार्यकाल वर्ष 2021 से शुरू होकर 2025 तक चलेगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, भारत ने प्रतिष्ठित ECOSOC में सीट हासिल कर ली है। भारत कमिशन ऑन स्टेटस ऑफ वूमन का सदस्य बन गया है। यह सफलता भारत के लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के प्रयासों के समर्थन को दर्शाता है। हम सभी सदस्य को धन्यवाद देते हैं।

### भारत को बांग्लादेश का तोहफा, 1475 टन हिलसा मछली का करेगा निर्यात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। हिलसा मछली के शौकिन लोगों खासकर बंगालियों के लिए अच्छी खबर है। बांग्लादेश सद्भावना के रूप में इस साल दुर्गापूजा पर 1475 टन हिलसा मछली भारत को भेजेगा। बांग्लादेश सरकार ने नौ निर्यातकों को इसकी मंजूरी दी है जो अगले सप्ताह से शुरू होने जा रही है। बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्रालय ने 10 सितंबर को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया। वाणिज्य मंत्रालय की उप सचिव नर्गिस मुर्शिदा ने कहा कि यह भारत के लोगों को दुर्गा पूजा पर हमारी ओर से तोहफा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल हमने भारत को 500 टन हिलसा मछली भेजी थी। बता दें कि हिलसा बांग्लादेश की राष्ट्रीय मछली है। भारत में बड़ी संख्या में लोग इसे बड़े चाव से खाते हैं। पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा पर इसकी खास डिमांड रहती है। बांग्लादेश में इसकी कीमत 850 टका से लेकर 900 टका तक है। बता दें कि हुगली नदी के किनारों पर फैला कचरा और जगह–जगह बिखरे जालों के चलते हिलसा मछलियों ने अपना स्थान बदलना शुरू कर दिया है।

### ट्रायल में सफल रही यूएई की कोरोना वायरस वैक्सीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबूधाबी। कोरोना वायरस से जूझ रहे संयुक्त अरब अमीरात को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। यूएई के स्वास्थ्य मंत्रालय ने घोषणा की है कि कोरोना वैक्सीन इंसानों पर ट्रायल में सफल रही है और अब इसके स्वास्थ्यकर्मियों पर आपातकालीन इस्तेमाल को मंजूरी दे दी गई है। एक मंत्री ने कहा कि यह वैक्सीन अग्रिम मोर्चे पर कोरोना से जंग लड़ रहे स्वास्थ्यकर्मियों के लिए उपलब्ध होगी। मंत्री ने कहा कि ये स्वास्थ्य कार्यकर्ता सबसे ज्यादा कोरोना से संक्रमित होने के खतरे का सामना करते हैं। यह वैक्सीन उनकी रक्षा करेगी। यूएई के स्वास्थ्य मंत्री अब्दुल रहमान बिन मोहम्मद ने कहा कि इस वैक्सीन को पूरी तरह से नियमों और कानूनों के आधार पर मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा, पहले और दूसरे चरण के ट्रायल में वैक्सीन को सुरक्षित और प्रभावी पाया गया है। इस वैक्सीन ने सही रोग प्रतिरोधक क्षमता भी पैदा की।

### पाक ने राजस्थान में प्रवासी हिंदुओं की मौत पर भारतीय राजनयिक को किया तलब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने पिछले महीने राजस्थान के जोधपुर जिले में 11 हिंदू प्रवासियों की मौत पर अपनी चिंता प्रकट करने के लिए सोमवार को यहां भारत के प्रभारी उच्चायुक्त को तलब किया। जोधपुर जिले के लोडता गांव में नौ अगस्त को एक खेत में पाकिस्तानी हिंदू प्रवासियों के एक परिवार के 11 सदस्य मृत पाये गये थे। स्थानीय पुलिस के अनुसार इस परिवार के जीवित एक सदस्य ने दावा किया कि उसे नहीं पता कि उनकी मौत कैसे हुई। यह परिवार 2015 में दीर्घकालिक वीजा पर पाकिस्तान के सिंध प्रांत से भारत पहुंचा था। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने भारत के प्रभारी उच्चायुक्त गौरव आहलुवालिया को तलब किया और भारत से इस मामले की समग्र जांच कराने की अपील की।

# पीओके में चीनी सैन्य अड्डा पाकिस्तान सेना से साठगांठ

**चाल**

■चुपके से गिलगिट में सैन्य ठिकाना बना रहा

## लद्दाख में भारत के साथ ड्रैगन का बढ़ता जा रहा तनाव



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। तिब्बत और ताइवान से दूर रहने की नसीहत देने वाला चीन खुद भारत के मूलभूत हितों की अनदेखी कर तनाव को भड़काने में लगा हुआ है। चीन–पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर के तहत जहां ड्रैगन पाकिस्तान में 87 अरब डॉलर के निवेश कर रहा है, वहीं चुपके से पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के गिलगिट इलाके में पाकिस्तानी सेना की मदद से सैन्य ठिकाना बनाने में लगा हुआ है। चीन और पाकिस्तान इसी नापाक चाल की वजह से लद्दाख में भारत के साथ ड्रैगन का तनाव बढ़ता ही जा रहा है।

चीन सीपीईसी के तहत पाकिस्तान में 87 अरब डॉलर की मदद से बंदरगाह, सड़कें, रेलवे और पॉवर प्लांट बना रहा है। चीन का मकसद मलक्का स्ट्रेट पर अपनी निर्भरता को कम करते हुए ग्वादर पोर्ट के रास्ते दुनिया को सामानों की निर्यात करना है। चीन को हमेशा यह डर बना रहता है कि मलक्का स्ट्रेट में भारत और अमेरिका उसके लिए संकट का सबब बन सकते हैं। इसीलिए उसने अपनी पूरी ताकत पाकिस्तान में झोक दी है।

**ग्वादर, गिलगिट बाल्टिस्तान के सैन्य ठिकाने पर चीनी पहुंचः** एशिया टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने हाल के दिनों में सीपीईसी के तहत 11 अरब डॉलर के और प्रॉजेक्ट को मंजूरी दी है। इनमें से कई चीनी प्रॉजेक्ट पीओके में चलाए जाने हैं। स्थानीय रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तानी प्रशासन भले ही इस बात का खंडन करता हो लेकिन उसने चुपके से चीनी सेना को अपने ग्वादर और गिलगिट बाल्टिस्तान के सैन्य ठिकानों को इस्तेमाल करने का अधिकार दे दिया है। बता दें कि गिलगिट विवादित पीओके में आता है जिस पर भारत अपना दावा करता रहा है। चीन ग्वादर और गिलगिट दोनों ही जगहों पर अरबों डॉलर का निवेश कर रहा है। चीन के इस काम में उसकी सीधी मदद पाकिस्तानी सेना कर रही है। इस अरबों डॉलर के प्रॉजेक्ट में पाकिस्तानी सेना भी जमकर पैसा बना रही है। पाकिस्तानी सेना के संगठन फ्रंटियर वर्क्स ऑर्गनाइजेशन को सीपीईसी से जुड़े कई ठेके मिले हैं। इसमें बेहद अहम कराकोरम हाइवे को अपग्रेड करना है जो चीन के शिन्झियांग प्रांत के काशगर को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से जोड़ता है। इस पर ही करीब दो अरब डॉलर खर्च किए जा रहे हैं। यह रोड चीन के लिए रणनीतिक लिहाज से बेहद अहम है। इसी रास्ते के जरिए चीन को व्यापार का वैकल्पिक रास्ता मिलेगा। उधर, आलोचकों का कहना है कि ये ठेके बिना किसी प्रतिस्पर्धा के सेना को दे दिए गए। पीओके में चीनी सेना के आने से भारत के खिलाफ पाकिस्तान की स्थिति और ज्यादा मजबूत हो जाएगी।

## इमरान खान ने बलात्कारियों को फांसी देने का किया समर्थन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में विदेशी महिला के साथ कार से खींचकर बलात्कार की घटना को लेकर देश ही नहीं दुनियाभर में आलोचना के बाद पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान हरकत में आए हैं। उन्होंने देश में बलात्कारियों और यौन दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ जोरदार कार्रवाई का आह्वान किया है। इमरान ने ऐसे बलात्कारियों को सरेआम फांसी या फिर उन्हें रासायनिक बंध्याकरण करने का सुझाव दिया है।

इमरान खान ने यौन दुर्व्यवहार करने वालों का एक नैशनल रजिस्टर बनाने का आह्वान किया। पाकिस्तानी पीएम ने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा कि उन्हें लगता है कि बलात्कारियों के तत्काल रासायनिक बंध्याकरण करने की जरूरत है। अगर ऐसा न हो तो कम से कम बलात्कारियों का जबरन सर्जरी कराया जाए ताकि वे भविष्य में दोबारा यौन अपराध न कर सकें।

इमरान ने कहा कि रेप और यौन अपराधों को लेकर एक ग्रेडिंग सिस्टम बनाया जाए। इसमें सबसे घृणित अपराध करने वाले अपराधी को ऐसा बना दिया जाए ताकि वह इसे दोहरा न सके। उन्होंने कहा कि यौन अपराध करने वालों को ऐसी सजा दी जाए जो दूसरों के लिए सबक हो। उन्होंने बलात्कारियों को सरेआम फांसी देने का भी आह्वान किया।



## किसान पिता के बेटे हैं जापान के नए पीएम योशिदे सुगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिदे सुगा को सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) का नया नेता चुना गया। उन्होंने प्रधानमंत्री शिंजो आबे की जगह ली, जिन्होंने पिछले महीने स्वास्थ्य कारणों से पद छोड़ने की घोषणा की थी। अब बुधवार को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री बनने के लिए संसद में होने वाली वोटिंग में सुगा की जीत होगी। सुगा को डायट (संसद) के दोनों सदनों से पार्टी सदस्यों और स्थानीय प्रतिनिधियों की एक संयुक्त बैठक में चुना गया। बैठक में मौजूद 394 डायट सदस्यों ने वोट डाला। सुगा के अलावा, दो अन्य उम्मीदवारों में पूर्व रक्षा मंत्री शीगेरू इशिबा (63) और एलडीपी के नीति प्रमुख फुमियो किशिदा (63) थे। 70 फीसदी वोट सुगा के पक्ष में रहे। सुगा को 377 वोट हासिल हुए हुए जबकि अन्य दो दावेदारों को 157 वोट हासिल हुए।

## नवंबर तक बनकर तैयार हो जाएगी चीन की कोरोना वायरस वैक्सीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। चीन ने कहा है कि उसकी कोरोना वायरस वैक्सीन इस साल नवंबर या दिसंबर तक आम जनता के इस्तेमाल के लिए बनकर तैयार हो जाएगी। चीन के बीमारी रोकथाम और बचाव केंद्र ने कहा कि चीन की चार कोरोना वायरस वैक्सीन अपने तीसरे और अंतिम चरण में हैं। इनमें से तीन को तो जुलाई में ही आवश्यक कामगारों को आपातकालीन मंजूरी के तहत लगा भी दिया गया है।

सीडीसी की बॉयोसेफ्टी एक्सपर्ट गुइझेन वू ने कहा कि तीसरे चरण का ट्रायल ठीक ढंग से चल रहा है और आम जनता के

चार कोरोना वैक्सीन अपने तीसरे और अंतिम चरण में हैं

लिए इस साल के नवंबर या दिसंबर तक कोरोना वैक्सीन बनकर तैयार हो जाएगी। वू ने दावा किया कि उन्होंने अप्रैल महीने में कोरोना वैक्सीन को लगवाया था लेकिन उसका उन्हें कोई असामान्य प्रभाव देखने को नहीं मिला है। वू ने यह नहीं बताया कि कौन सी वैक्सीन उन्होंने लगवाया था। बता दें कि पिछले दिनों चीन की चाइना नैशनल बायोटेक ग्रुप ने अपनी कोरोना वायरस वैक्सीन को सुरक्षित और प्रभावी बताया था। कंपनी ने एक बयान में कहा कि अभी तक जिन लोगों को इस वैक्सीन के दोनों टीके लगाए जा चुके हैं उनमें किसी तरह का कोई साइड इफेक्ट नहीं दिखा है। कंपनी ने अपने आधिकारिक वीचैट अकाउंट पर कहा कि अभी तक इस वैक्सीन की डोज लगभग 1 लाख लोगों को दी गई है।

**चीन ने तीन कोविड वैक्सीन को दी मंजूरीः** चीन ने तत्काल उपयोग के लिए कोरोना वायरस के तीन वैक्सीन को मंजूरी दी है। इनमें से दो को चाइना नेशनल बायोटेक ग्रुप (सीएनबीजी) ने विकसित किया है। वैक्सीन की खुराक सबसे पहले संक्रमण की चपेट में आने की संभावना वाले उच्च जोखिम समूह जैसे कि मेडिकल स्टाफ, राजनयिकों को दिए गए हैं।

## हैरिस, क्लिंटन ने जुटाए 60 लाख डॉलर, ट्रंप का मजाक उड़ाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। भारतीय मूल की सीनेटर एवं डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उप राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस और 2016 में राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी रही हिलेरी क्लिंटन ने एक कार्यक्रम में 60 लाख डॉलर जुटाए। इस कार्यक्रम में दोनों नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मजाक उड़ाया। चंदा जुटाने के लिए हुए इस डिजिटल कार्यक्रम में क्लिंटन ने कहा, मैंने उन्हें (ट्रंप को) कभी हंसते हुए नहीं देखा। कभी भी उन्हें अपना मजाक बनाते नहीं देखा। निश्चित तौर पर उनके बाल बनाने के तरीके पर नहीं–– आप को मालूम है कि इसमें मुझे काफी अनुभव है। उनमें हास्य बोध नहीं है। आप जानते हैं कि वह लोगों को गिराना पसंद करते हैं न कि उठाना। हैरिस ने ट्रंप के व्यक्तित्व पर कहा, मैं आप से पूरी तरह से सहमत हूं, हिलेरी। हैरिस ने कहा, उनके बारे में कुछ भी आनंददायक नहीं है। उनके बारे में ऐसा कुछ नहीं है जो आनंद देता हो। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में शर्म की बात है।